# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-3

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 22 नवम्बर, 2010 (अग्रहायण 1, 1932)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वंदेमातरम्" के गायन से प्रारंभ हुई.

### 2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा श्रीमती जमुना देवी, नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश विधान सभा सर्वश्री रोहिणी कुमार बाजपेयी, हरिशंकर अहिरवार, महादेव प्रसाद हजारी, ओमप्रकाश पुरोहित, बाबूसिंह अलावा, डॉ. अशोक सावले, श्री बाबूसिंह सोलंकी तथा श्री मनीराम बारंगे भूतपूर्व सदस्य विधान सभा के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये गये.

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सर्वश्री रामलखन सिंह, पारस दादा सकलेचा, अजय यादव, मानवेन्द्र सिंह सदस्यगण, उपाध्यक्ष महोदय श्री हरवंश सिह, श्री कैलाश विजयवर्गीय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा श्री यशपालसिंह सिसोदिया, सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये.

सदन द्वारा दो मिनिट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के प्रति संवेदना प्रकट की गई.

पूर्वान्ह 11 बजकर 13 मिनिट पर दिवंगतों के सम्मान में विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार दिनांक 23 नवम्बर 2010 (अग्रहायण 2, 1932) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिये स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**